# 14 माँ का प्यार

1. **सही उत्तर पर ✓ का निशान लगाइए—**

क. 'माँ का प्यार' पाठ किस विधा में लिखा गया है? ✓ नाटक

ख. मालवजी का हाथ कौन पकड़ लेता है? ✓ तानाजी

ग. बालक के पिता को वीरगति को प्राप्त किए हुए कितने वर्ष हो गए थे? ✓ 2 वर्ष

2. **किसने, किससे कहा—**

| | **किसने कहा** | **किससे कहा** |
|---|---|---|
| क. मृत्युदंड देने से पहले तुम्हें मुझे एक बात बतानी होगी। | शिवाजी महाराज ने | मालवजी से |
| ख. आपके मुख से ये शब्द शोभा नहीं देते। | मालवजी ने | शिवाजी महाराज से |
| ग. मैं तो इसकी साहस और वीरता पर मुग्ध हूँ। | तानाजी ने | शिवाजी महराज |
| घ. एक बालक आपसे मिलना चाहता है। | दरबान ने | शिवाजी महाराज से |

# समझिए व्याकरण संबोध

**1. रु-रू के तीन-तीन शब्द लिखिए—**

रु — गुरु रुचि रुष्ट

रू — ज़रूर रूखा रूप

**2. इन शब्दों के अर्थ लिखिए—**

**क.** सारी — संपूर्ण
साड़ी — स्त्रियों द्वारा पहने जाने वाला परिधान

**ख.** पर — ऊपर/परंतु, पंख
पार — पार करना

**ग.** गिरि — पर्वत
गिरी — गिरना (क्रिया), बीज के अंद

**घ.** ओर — दिशा, तरफ़
और — अधिक

**3. रेखांकित शब्दों के विलोम शब्द लिखकर वाक्य पूरे कीजिए—**

**क.** इसे कल मृत्युदंड दिया जाएगा आज नहीं।

**ख.** मैं सदैव सच बोलता हूँ, झूठ बोलकर मृत्यु से बचना नहीं चाहता।

**ग.** मैं वीर-पुत्र हूँ, कायर नहीं।

**घ.** शिवाजी वीरों का आदर करता है, निरादर नहीं।

**4. इन वाक्यों में क्रियाविशेषण शब्द रेखांकित कीजिए—**

**क.** <u>कल</u> इसे मृत्युदंड दिया जाएगा।

**ख.** उनके सामने बालक <u>निडरतापूर्वक</u> खड़ा रहा।

**ग.** <u>तीन महीने से</u> भरपेट भोजन नहीं मिला है।

**घ.** तुम मुझसे <u>बाहर</u> मिलो।

5. योजक शब्दों से वाक्य पूरे कीजिए—

क. घर में मैं और मेरी माता जी हैं।

ख. मनुष्य सबकुछ सहन कर सकता है परंतु पेट की ज्वाला नहीं।

ग. प्रतिज्ञा करता हूँ कि माता के दर्शन कर लौट आऊँगा।

घ. आप मुझे मृत्युदंड दे सकते हैं लेकिन मरने से पहले मेरी प्रार्थना सुन लीजिए।

PAGE No.
DATE

February

# पाठ - 14 माँ का प्यार

(नाटक) संवाद की पठन - क्रिया करवाना

## श्रुतलिखन शब्द

| | |
|---|---|
| 1. तलवार | 6) बालक |
| 2. अपराध | 7) प्रतिज्ञा |
| 3 साहस | 8) कायरता |
| 4 निडरता | 9) घातक |
| 5 निछावर | 10) अभयदान |

11) मातृभूमि
12) महाराष्ट्र

## शब्दार्थ

| | |
|---|---|
| 1. सुसज्जित - सजा हुआ | 5. भयँकर - डरावना |
| 2. ज्वाला - आग | 6. वध - हत्या |
| 3. रोष - क्रोध | 7 मृत्यु - मौत |
| 4. निडरतापूर्वक - बिना डरे | 8. समक्ष - सामने |

PAGE No.
DATE

कुछ शब्दों में

प्र०1 शिवाजी महाराज के शयनकक्ष में किसकी तसवीर लगी हुई थी?

उत्तर- शिवाजी महाराज के शयनकक्ष में माँ तुलजा भवानी की तसवीर लगी हुई थी।

प्र०2. बालक से किसने शिवाजी महाराज का वध करने के लिए कहा था?

उत्तर बालक से शिवाजी महाराज का वध करने के लिए एक यवन ने कहा था।

प्र०ग मरने से पहले बालक क्या करना चाहता था?

मरने से पहले बालक अपनी माँ के दर्शन करना चाहता था।

प्र०घ बालक ने मृत्युदंड वाली बात अपनी माता को क्यों नहीं बताई

उत्तर बालक ने मृत्युदंड वाली बात अपनी माता को इसलिए नहीं बताई क्योंकि यह बात सुनकर उसकी माँ शायद उसे शिवाजी महाराज के पास आने नहीं देती।

कुछ वाक्यो में

प्र०1 मालवजी शिवाजी महाराज को क्यों मारना चाहता था?

उत्तर - मालवजी शिवाजी महाराज को इसलिए मारना चाहता था क्योंकि उसके पिता को वीरगति प्राप्त हुए दो वर्ष हो चुके थे और इस दौरान शिवाजी महाराज ने उनकी खोज-खबर नहीं ली। उसे और उसकी माँ को पेटभर भोजन भी नहीं मिल पाता था। उसी समय एक यवन ने उसे शिवाजी महाराज की हत्या करने पर बहुत-सा धन देने का वादा किया।

प्र०2 शिवाजी महाराज के मन में बालक के प्रति प्रेम क्यों उमड़ रहा था?

उत्तर शिवाजी महाराज के मन में बालक के प्रति प्रेम उसके साहस, वीरता, निडरता और स्पष्टवादिता को देखकर उमड़ रहा

प्र०3 शिवाजी महाराज ने क्या कहकर मालवजी का अपराध क्षमा कर दिया?

त्तर - शिवाजी महाराज ने मालवजी से कहा कि वह वीरों का

PAGE No
DATE

आदर करता है, उन्हें मृत्युदंड नहीं देता। वह उसकी परीक्षा ले रहे थे, जिसमे वह सफल हुआ। यह कहकर शिवाजी महाराज ने मालवजी का अपराध क्षमा कर दिया।

प्र० घ जीवनदान मिलने पर बालक ने शिवाजी महाराज को क्या कहा?

उत्तर - जीवनदान मिलने पर बालक ने शिवाजी महाराज से कहा कि वह प्रतिज्ञा करता है कि जब तक उसके शरीर में प्राण रहेंगे, वह मातृभूमि की रक्षा से पीछे नहीं हटेगा।